USAID
TWO DAY WORKSHOP
DISASTER MANAGEMENT

USAID
TWO DAY WORKSHOP
Role of Private Businesses Particularly Hotels and Tourist Operators
DISASTER MANAGEMENT
Under the Project
"Enhancing Institutional and Community Resilience to Disasters and Climate Change"

TWO DAY WORKSHOP
DISASTER MANAGEMENT

TWO DAY WORKSHOP
DISASTER MANAGEMENT

USAID
TWO DAY WORKSHOP
DISASTER MANAGEMENT


District
Toll free
State helpline

USAID
TWO DAY WORKSHOP
DISASTER MANAGEMENT

USAID
TWO DAY WORKSHOP
Role of Private Businesses Particularly Hotels and Tourist Operators
DISASTER MANAGEMENT
Under the Project
"Enhancing Institutional and Community Resilience to
Disasters and Climate Change"
Venue : Hotel Holiday Home, Shimla

आपदा प्रबंधन में होटल और पर्यटन संचालन की भूमिका पर दो दिवसीय कार्यशाला

- होटल व्यवसायियों व टैक्सी आपरेटर यूनियन प्रतिनिधियों ने लिया भाग
- पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को आपदा प्राथमिक प्रयासों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक : सुरेश भारद्वाज

शिमला, 7 अगस्त (ब्यूरो) : नगर निगम शिमला द्वारा आपदा प्रबंधन में निजी व्यवसायियों विशेष रूप से होटल और पर्यटन संचालन की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीस कार्यशाला का आयोजन यूएसआईएडीए यूएनडीपीए और एमएचए के सहयोग से किया जा रहा हैं। कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में शहरी विकास मंत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को आपदा के समय पर्यटकों की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले प्राथमिक प्रयासों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। हिमाचल में पर्यटकों की आमद को देखते हुए उनकी सुरक्षा से संबंधित उपायों के लिए यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल का पहाड़ी क्षेत्र आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत प्रभावित क्षेत्र है। पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी लोग आपदा के समय पर्यटकों की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले बचाव के संबंध में निरंतर कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि नगर निगम ऐसे आयोजनों की निरंतरता को बनाए रखे, इसके लिए भी प्रयास करने होंगे।

दो दिवसीय कार्यशाला के समापन में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितृत करते शहरी विकास मंत्री।

कार्यशाला में पर्यटन विकास से जुड़े 25 होटल व्यवसायियों व टैक्सी आपरेटर यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिन्हे शहरी विकास मंत्री ने प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितृत किए। कार्यक्रम में महापौर सत्या कौंडल, उप-महापौर शैलेन्द्र चौहान, मंडलाध्यक्ष राजेश शारदा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय कालिया, संयुक्त आयुक्त नगर निगम अजीत भारद्वाज व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

होटल व्यवसायियों व टैक्सी आपरेटर यूनियन प्रतिनिधियों से सीखे आपदा प्रबंधन के उपाय

कार्यशाला में हैदराबाद से आई आपदा जोखिम न्यूनीकरण सलाहकार वंदना चौहान ने प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन के तहत होटल और टैक्सी में जरूरी व्यवस्था करने और आपदा के समय बचाव कार्यों की जानकारी दी। इसके अलावा डिविजनल फायर ऑफिसर डीसी शर्मा और उनकी टीम ने प्रतिभागियों को आगजनी के दौरान बचाव कार्य करने और इससे बचने के लिए होटल और टैक्सी में जरूरी उपकरण रखने और क्या सावधानियां बरतने चाहिए इसकी जानकारी दी। टीम द्वारा प्रतिभागियों को लाइव डेमो भी दिया गया और बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। आपदा प्रबंधन एमसी शिमला की सिटी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर हरकंचन ने बताया कि शिमला में यह पहली कार्यशाला है जो होटल व्यवसायियों व टैक्सी आपरेटर यूनियन को आपदा प्रबंधन की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि शिमला आने वाले सैलानियों की आपदा को लेकर सुरक्षा को और बेहतर किया जा सके।